राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1217 / 2022 दिनांकः 21 सितम्बर, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः मिडटर्म, प्रयोगात्मक एवं परीक्षा शुल्क प्राप्त न होने के कारण परीक्षा परिणाम के विलम्ब के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र सं0 आर0एम0पी0यू0 / 886 / 2022,दिनांकः 28 जुलाई, 2022, अनुस्मारक सं0–आर0एम0पी0यू0 / 935 / 2022,दिनांकः 04 अगस्त, 2022, आर0एम0पी0यू0 / 963 / 2022 एवंदिनांकः 08 अगस्त, 2022 एवं आर0एम0पी0यू0 / 1025 / 2022,दिनांकः20 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें बार–बार निर्देशित करने के बाद भी द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक निर्धारित तिथि तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अपलोड नही किये गये है।

उपरोक्त के क्रम में संज्ञान में आया है कि कुछ महाविद्यालयों द्वारा अपने लागिन आई0डी0 के माध्यम से वोकेशनल एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड किये गये परन्तु एथेन्टीकेट (Authenticate) नही किये गये है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि महाविद्यालयों द्वारा वोकेशनल परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालय लागिन पर अपलोड करने के पश्चात उसे एथेन्टीकेट करना भी आवश्यक है अन्यथा अंक सफलतापूर्वक अपलोड नही होते हैं। ऐसी स्थिति में सैद्धान्तिक परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त भी परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नही होगा। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

उक्त के क्रम में सूच्य है कि कतिपय महाविद्यालय द्वारा बार–बार निर्देशित करने के बाद भी परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा नही किया है। ऐसे महाविद्यालयों का भी परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना सम्भव नही होगा।

तद्नुसार माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि वोकेशनल एवं प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांकः 30 सितम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराकर उसके अंक उसी दिन फोटो सहित महाविद्यालय लागिन पर अपलोड करने के साथ–साथ एथेन्टीकेट करे एवं परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें जिससे परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट के विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

सहा0 कुलसचिव